बीजेपी के भारत तोड़ों का जवाब कांग्रेस भारत जोड़ों से देगी : व्यास

उदयपुर,(कासं)। उदयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा सोमवार को राधिका निकुंज में एक दिवसीय कार्यशाला निवर्तमान अध्यक्ष गोपाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

- **कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी व राहुल गांधी पर ईडी की कार्रवाई को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन**

उदयपुर में शहर जिला कांग्रेस की एक दिवसीय कार्यशाला को पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. गिरिजा व्यास ने संबोधित किया।

कार्यशाला पश्चात कांग्रेस जन उदयपुर जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे वहां पर उन्होंने मोदी सरकार द्वारा कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी पर ईडी की दुर्भावना युक्त कार्रवाई के खिलाफ प्रदर्शन व नारेबाजी की।

कांग्रेस प्रवक्ता फिरोज अहमद शेख ने बताया कि पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ गिरिजा व्यास ने कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से उदयपुर नव संकल्प शिविर में की गई घोषणाओं को लागू करने, संगठन को मजबूत करने, संगठन में कितने पद व किस स्तर पर होंगे, 50 प्रतिशत युवाओं की भागीदारी, महिलाओं के अलावा एससी, एसटी, ओबीसी की भागीदारी पर विस्तृत चर्चा की।

गिरिजा व्यास ने कहा कि कांग्रेस ने एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है, लेकिन पिछले 8 वर्षों से देश का माहौल पूरी तरह से बदल गया है। केंद्र में बीजेपी की सरकार लोकतंत्र और जनता की विरोधी है। हमने तय किया है कि बीजेपी के भारत तोडो का जवाब कांग्रेस भारत जोडो से देगी। साथ ही राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को दिल्ली में ईडी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन पर गिरफ्तार करने पर निंदा प्रस्ताव बैठक में पास किया गया।

इस अवसर पर भूपेंद्र सिंह अरोडा सोमेश्वर मीणा, शंकर भाटिया, डॉ दीपक व्यास, देवकिशन रामानुज, गौरी शंकर पटेल, भरत रामानुज, जयप्रकाश निमावत, नासिर खान, मोहम्मद अयूब, मोहन लाल शर्मा, सुधीर जोशी, हिमांशु चौधरी उषा गुप्ता, मोहसिन खान, दिनेश दवे सीमा पंचोली पार्षद शंकर चंदेल, हितांशी शर्मा, गौरव प्रताप सिंह, हिदायतुल्लाह, बतूल हबीब, रवि तरवाडी, अजय पोरवाल, गोपाल नागर, विनोद जैन मनीष शर्मा सहित कई पदाधिकारी एवं कांग्रेसजन उपस्थित थे।

सार-समाचार

ट्रक ट्रेलर ऑनर्स एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन

राजसमंद, (निसं)। दी राजसमंद ट्रक ट्रेलर ऑनर्स एसोसिएशन की बैठक नेशनल हाइवे आठ पर स्थित रामेश्वर महादेव मंदिर परिसर में हुई। इस बैठक में एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के चुनाव सम्पन्न हुए। नई कार्यकारिणी में सभी ने सर्वसम्मति से प्रदीप पुरोहित को अध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुना गया। उपाध्यक्ष सुनील कुमावत, देवराजसिंह, सचिव महावीरसिंह सोलंकी, कोषाध्यक्ष महेंद्र सिंह चौहान, महाराष्ट्र प्रभारी प्रमोद पालीवाल, सूचना प्रसारण सुरेश पालीवाल, महामंत्री भैरूसिंह, संगठन मंत्री गिरीराज पालीवाल को मनोनित किया। बैठक में बाहर की मेवाती गाडियां राजसमंद में लोड नहीं करने और एसोसिएशन में एकजुटता बनाए रखने का आव्हान किया।

गिट्स के दो विद्यार्थियों का पांच लाख के सालाना पैकेज पर चयन

उदयपुर,(कासं)। गीतांजली इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज, डबोक, उदयपुर में ऑनलाइन केम्पस इन्टरव्यू द्वारा विश्व की प्रमुख कम्पनी लैंडमार्क ग्रुप-मैक्सफैशन लिमिटेड में एम.बी.ए. के दो विद्यार्थियों का चयन 05 लाख तथा 4.75 लाख के सालाना पैकेज के साथ क्रमश: मैनेजमेंट ट्रैनी एच.आर. एवं मैनेजमेंट ट्रैनी स्टोर ऑपेरेशन के पद पर चयन हुआ। संस्थान के ट्रेनिंग एण्ड प्लैसमेण्ट हैड अरविन्द सिंह पेमावत ने यह बताया कि लैंडमार्क ग्रुप-मैक्सफैषन लिमिटेड कम्पनी 18 देशो में 1900 से ज्यादा आउटलेट्स तथा 55000 से ज्यादा कर्मचारियों के साथ रिटैलिंग, फैशन, इलेक्ट्रॉनिक्स, फर्नीचर तथा होटल क्षेत्र में विष्व में अपनी सेवाए प्रदान कर रही है। कम्पनी एच आर व उनकी टीम ने सर्वप्रथम कम्पनी एवं जॉब प्रोफाइल के बारे में विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी दी एवं उसके उपरान्त तकनीकी इन्टरव्यू एवं एच. आर. इन्टरव्यू द्वारा एम.बी.ए. के दो विद्यार्थियों लवीशा शर्मा का मैनेजमेंट ट्रैनी एच. आर. के पद पर 5 लाख के सालाना पैकेज तथा संजय मोड का मैनेजमेंट ट्रैनी स्टोर ऑपेरेशन के पद पर 4.75 लाख के सालाना पैकेज पर चयन किया। संस्थान के निदेशक डॉ. विकास मिश्र व वित्त नियंत्रक बी.एल. जांगिड़ ने चयनित विद्यार्थी के स्वर्णिम भविष्य की कामना की।

धमकाने का मामला दर्ज

उदयपुर,(कासं)। अम्बामाता थाना पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर आरोपी व साथियों के खिलाफ अवैध वसूली के लिए धमकाने का मामला दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित ब्राह्मणों की हुन्दर निवासी बसंती लाल पुत्र देवराम ब्राह्मण ने सापेटिया निवासी चुन्नीलाल डांगी, थूर गांव निवासी बबलू खटीक व साथियों के खिलाफ पांच लाख रूपये की अवैध वसूली के लिए धमकाने का मामला दर्ज किया। पीड़ित ने बताया कि मेरे काका चुन्नीलाल के सारिका इकलौती संतान थी। काका के एक मकान व जमीन थी जो सारिका ने वर्ष 2021 में 5 लाख 50 हजार रूपये में मुझे बेच कर रजिस्ट्री करवा दी थी। गत दिनों सारिका 1 लाख 10 हजार रूपया उधार लेकर मकान का एक पट्टा आरोपी चुन्नीलाल के पास गिरवी रख दिया। गत दिनों सारिका के लापता होने पर आरोपी घर आया तथा भतीजी सारिका द्वारा रूपए ले जाने एवं पट्टा देने की बात कही। बात नहीं बनने पर आरोपी चुन्नीलाल ने उक्त पट्टा बबलू खटीक को सौंप 5 लाख रूपये वसूलने को कहा। 11 जून का चुन्नीलाल, बबलू खटीक व साथी बसंती लाल के घर पहुंचे जहां उन्होंने पट्टा दिखाते हुए जमीन से कब्जा छोड़ने की बात कही तथा ऐसा नहीं करने पर पांच लाख रूपये की मांग की। कब्जा नहीं छोड़ने व नकदी, नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस प्रकरण दर्ज क्र मामले की जांच कर रही है।

डॉ. धर्मेंद्र शर्मा संयोजक नियुक्त

भीम,(निसं)। मुख्यमंत्री द्वारा बजट घोषणा अनुसार उपखंड मुख्यालय पर राजकीय कन्या महाविद्यालय खोलने के आदेश आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा द्वारा जारी हो चुके है। कस्बे के नंदावट स्थित सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुप्रतीक पाठक ने बताया कि शिक्षण सत्र 2022-23 से ही कला संकाय के अंतर्गत प्रथम वर्ष कला में छात्राओं को प्रवेश दिया जाएगा। प्रो. पाठक को राजकीय कन्या महाविद्यालय के संचालन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। बताया गया कि महाविद्यालय में प्रथम वर्ष हेतु अनिवार्य विषय सहित हिंदी साहित्य अंग्रेजी साहित्य राजनीति विज्ञान अर्थशास्त्र भूगोल इतिहास समाजशास्त्र में प्रवेश दिया जाएगा। कन्या महाविद्यालय के सफल संचालन एवं प्रवेश प्रक्रिया हेतु समिति गठित कर डॉ धर्मेंद्र शर्मा को संयोजक नियुक्त किया गया है। कन्या महाविद्यालय अस्थाई रूप से सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय के बालिका छात्रावास में संचालित होगा। चार जिलों की सरहद पर स्थित उपखंड मुख्यालय पर कन्या महाविद्यालय खोले जाने से चहुंऔर छात्राओं अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों मैं खुशी का माहौल है।

छात्रावास हेतु प्रशासनिक स्वीकृति जारी

बांसवाड़ा,(निसं)। जिला मुख्यालय पर जनजाति बालिकाओं के लिए बहुउद्देशीय छात्रावास निर्माण के लिए जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग ने 5 करोड रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति जारी की है। अतिरिक्त जिला शिक्षाधिकारी जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग महेन्द्र कुमार भगोरा ने बताया कि वर्तमान में बहुउद्देशीय छात्रावास जिला मुख्यालय पर बालिका महाविद्यालय छात्रावास भवन में संचालित हो रहा है जिसकी क्षमता 50 की है। राज्यमंत्री अर्जुन सिंह बामनिया ने आबापुरा में एक कार्यक्रम के दौरान 100 छात्राओं की क्षमता वाले बहुउद्देशीय जनजाति बालिका छात्रावास निर्माण की घोषणा की थी। भगोरा ने बताया कि नवीन भवन उदयपुर मार्ग स्थित प्रमुख चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के पास बन रहा है। उन्होंने बताया कि इसके निर्माण से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाली छात्राओं को अनेक सुविधाएं मिलेगी।

भाजयुमो ने बाइक रैली निकाली

उदयपुर,(कासं)। केंद्र में मोदी सरकार के 8 साल पूरे होने पर भारतीय जनता युवा मोर्चा शहर जिला उदयपुर द्वारा बाईल रैली निकाली गई। जो निगम प्रांगण से प्रारंभ होकर सुरजपोल, दुर्गानर्सरी, अशोक नगर होते हुए पुन: नगर निगम में आकर समाप्त हुई। रैली में मुख्य अतिथि भाजपा शहर जिलाध्यक्ष रविन्द्र श्रीमाली, ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, प्रमोद सामर, महापौर जी.एस. टांक, उपममहापौर पारस सिंघवी, ताराचंद जैन, जगदीश सुथार, जिला महामंत्री गजपाल सिंह राठौड़, जिला मंत्री गजेन्द्र भण्डारी, पार्षद व निगम के मुख्य सचेतक मोहन गुर्जर, राजेश वैष्णव, विजय आहुजा, दिनेश धायभाई, बलवीर सिंह दिगपाल सहित अन्य भाजपा पदाधिकारियों ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

मानदेय को लेकर ज्ञापन दिया

डूंगरपुर,(निसं)। मिड-डे-मील वर्कर्स यूनियन सीटू जिला कमेटी की जिलाध्यक्ष नारायण ननोमा के नेतृत्व में सोमवार को विभिन्न मांगों को लेकर अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में मांग की है कि दिसम्बर 2021 से बकाया मानदेय जल्दी देने, चपरासी के पद पर नियुक्ति करने, ड्रेस कोड देने, मिड-डे-मील कर्मचारी को नियमित करने,न्यूनतम वेतन 26000 प्रतिमाह करने की मांग रखी। जब कि कर्मचारियों को अभी तक मानदेय नहीं मिला है जिसे लेकर सभी ने रोष जताया ओर बकाया मानदेय शीघ्र दिलोन की मांग की। इस मौके पर भीमचंद कोटेड, नारायण ननोमा,कालूराम डेन्डोर,घनश्याम कटारा, देवीलाल, मीठालाल परमार, पूंजा कटारा, कमला शंकर डामोर आदि मौजूद थे।

सार-समाचार

स्थानांतरण शीघ्र प्रारंभ करने की मांग

जयपुर/उदयपुर,(कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत प्रदेश अध्यक्ष गिरिराज शर्मा के नेतृत्व में सोमवार राजस्थान के शिक्षकों के स्थानांतरण को लेकर शिक्षा मंत्री डॉ. बी डी कल्ला से मुलाकात कर स्थानांतरण शीघ्र प्रारंभ करने की मांग की गई। एकीकृत के प्रदेश मीडिया प्रभारी राव गोपाल सिंह आसोलिया ने बताया कि राजस्थान के शिक्षा मंत्री डॉक्टर बी डी कल्ला जैसे अनुभवी परिपक्व एवं निष्कलंक शिक्षाविद को शिक्षा मंत्री बनाए जाने से शिक्षकों में पारदर्शी एवं नीतिगत स्थानांतरण करने की लाखों शिक्षकों में आस जगी है उन्होंने बताया कि सरकार की इच्छाशक्ति हो तो अधिकतम ग्रामीण ठहराव एवं शहरी ठहराव तथा पिछले तीन वर्षो के परीक्षा परिणाम के आधार पर सरकार तृतीय श्रेणी शिक्षकों से लेकर प्रधानाचार्य तक के स्थानांतरण आसानी से एक दिन में नीति एवं नियमों का निर्माण कर सकती है तथा इसमें गैर राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले शिक्षक संघ एकीकृत की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो सकती है जिससे लाखों शिक्षकों को सरकार संतुष्ट कर सकती है क्योंकि एकीकृत संगठन द्वारा राज्य के शिक्षकों के लिए एक राज्य स्तरीय शिक्षक स्थानांतरण एवं परिवेदना समिति का गठन भी किया जा चुका है। राज्य स्तरीय समिति के सचिव उदयपुर के गोपाल सिंह आसोलिया प्रदेश मीडिया प्रभारी को बनाया गया है जिनके पास राजस्थान के समस्त जिलों से परिवेदनाए भी प्राप्त हो चुकी है एवं नियमानुसार शिक्षा मंत्री को सौंप दी गई है जिसकी भूमिका एवं सेवा सरकार निष्पक्ष रुप में ले सकती है। अन्यथा केवल डिजायर प्रथा तथा अन्य तरीकों से ताबडतोड स्थानांतरण करने से सरकार को शिक्षकों की नाराजगी ही मोल लेनी होगी एवं शिक्षकों में अनावश्यक भय एवं अराजकता का माहौल पैदा होगा तथा सरकार के प्रति नाराजगी बढेगी उदाहरण के लिए उदयपुर के 8 विधानसभा क्षेत्र में केवल दो विधायक ही सत्ताधारी पार्टी के हैं ऐसी स्थिति में सरकार जीते हुए विधायकों की डिजायर स्वीकार करेगी या हारे हुए विधायकों की यह भी संशय का विषय है।

फुरकान खान की नियुक्ति

उदयपुर,(कासं)। उत्तर क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र, पटियाला के निदेशक पद पर पूर्व प्रशासनिक अधिकारी, प्रख्यात फोटोग्राफर और लोककला मर्मज्ञ फुरकान खान की नियुक्ति की गई है। पंजाब के राज्यपाल और केंद्र के अध्यक्ष बी एल पुरोहित ने सोमवार को पंजाब राजभवन में फुरकान खान को नियुक्ति पत्र सौंपा। उदयपुर में फुरकान खान प्रशासनिक सेवा में रहते हुए पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के निदेशक के पद पर और जवाहर कला केंद्र, जयपुर में अतिरिक्त महानिदेशक के पद पर भी सेवाएं दे चुके हैं। वर्ष 2017-18 में उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला के निदेशक के पद का अतिरिक्त प्रभार भी खान के पास रहा था। उदयपुर पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के निदेशक पद पर रहते हुए खान द्वारा अनेक नवाचार किए गए थे जिनकी कलाकारों, दर्शकों और कला प्रेमियों द्वारा सराहना की जाती रही है। जिसमें मुख्य लोक कला हेतु वार्षिक पुरस्कार की स्थापना, शरद रंग उत्सव की शुरुआत, हिवडा री हूक कार्यक्रम की शुरूआत इन्हीं के कार्यकाल में हुई। विदेशों में प्रस्तुति हेतु एक विशेष कार्यक्रम 'लोकरंग' तैयार किया गया जिसकी प्रस्तुति भारत सरकार द्वारा कजाखस्तान, यूक्रेन और स्विजरलैंड के कई शहरों में करवाई गई। इसके अतिरिक्त उदयपुर में आयोजित शिल्पग्राम उत्सव को नवाचारों से नई ऊंचाइयां दीं। शिल्पग्राम को भी नए सिरे से क्यूरेट करके कई नए आकर्षण जोडे जिससे केंद्र की आय और दर्शकों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई।

द्वारिकाधीश मंदिर में स्नान यात्रा आज

राजसमंद, (निसं)। पुष्टिमार्गीय तृतीय पीठ प्रन्यास द्वारिकाधीश मंदिर में मंगलवार को ज्येष्ठा अभिषेक स्नान यात्रा का पर्व मनाया जाएगा। इस मौके पर प्रभु द्वारकाधीश को मंगला दर्शन के बाद स्नान करवाया जाएगा। स्नान यात्रा को लेकर सोमवार शाम को गोवर्धन चौक स्थित बावडी से गोस्वामी परिवार सदस्य, मंदिर मुखिया, भीतरिया व अन्य सेवादारों द्वारा प्रभु के स्नान का जल रजत कलश में भरकर लाया गया। जिसमें यमुना जल, गुलाब जल, खस का इत्र, मोगरा के फूल, केसर डालकर इसे प्रभु के स्नान के लिए शुद्ध करके रखा गया। इस जल से प्रभुश्री द्वारकाधीश को मंगला के बाद स्नान करवाया जाएगा।

भगवान सांवलिया सेठ के दर्शन किये

मंडफिया,(निसं)। देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष एवं राज्यमंत्री जोगेंद्र अवाना ने यहां भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दर्शन किए। मंदिर पुजारी भेरू दास वैष्णव ने अध्यक्ष अवाना को तुलसी एवं चरणामृत प्रदान किया। मंदिर मंडल की ओर से मंदिर बोर्ड अध्यक्ष भेरू लाल गुर्जर एवं बोर्ड सदस्य भेरू लाल सोनी ने अध्यक्ष अवाना का उपरना, प्रसाद एवं भगवान की तस्वीर भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया।

राज्य मंत्री योगेंद्र सिंह अवाना का स्वागत

भूपालसागर,(निसं)। राजस्थान सरकार की देवनारायण बोर्ड के राज्य मंत्री योगेंद्र सिंह अवाना का बोर्ड के चेयरमैन बनने के बाद पहली बार चित्तौड़गढ़ आगमन पर स्वागत किया।

ओबीसी समाज में सम्मिलित जाति गुर्जर, गुर्जर समाज चौखला अध्यक्ष भूपालसागर देवी लाल गुर्जर, पंचायत समिति के उपप्रधान देशराज गुर्जर, पारी सरपंच अंबालाल गुर्जर, ग्राम पंचायत बुल सरपंच सोहन लाल गुर्जर, पन्नालाल, शांतिलाल, पंचायत समिति सदस्य एवं सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश गाडरी, भेरूलाल गुर्जर,साथ ही समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान भूपालसागर के महाराणा प्रताप चौराहे पर राज्य मंत्री अवाना का माल्यार्पण कर पगड़ी पहना स्वागत सम्मान किया।

अवाना ने एमबीसी वर्ग की समस्याएं सुनी

उदयपुर,(कासं)। देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष जोगिन्दर अवाना निरंतर प्रदेश का दौरा कर एमबीसी वर्ग की समस्याएं सुन कर उनका समाधान कर रहे हैं। सोमवार को अवाना एमबीसी वर्ग की समस्याओं को सुनने उदयपुर जिले के दौरे पर रहे और मावली क्षेत्र में जनसुनवाई की।

- **जनसुनवाई में हाथों-हाथ अधिकारियों को दिए समाधान करने के निर्देश**

देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ने सोमवार सुबह मावली क्षेत्र के गोविन्दपुरा-गोलवाडा में देवनारायण मंदिर पर एमबीसी वर्ग के निवासियों की समस्याएं सुनी एवं अधिकारियों को मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए। बोर्ड अध्यक्ष को अपने बीच पाकर एमबीसी वर्ग के लोगों को भी राहत महसूस हुई। बडी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी-अपनी व्यक्तिगत समस्याएं प्रस्तुत की जिस पर अवाना ने लोगों से संवाद किया और मौके से ही अधिकारियों को निर्देश देकर समस्याओं से समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष अवाना ने कहा कि राज्य सरकार एमबीसी वर्ग के कल्याण एवं उद्धार के लिए कटिबद्ध है एवं निरंतर एमबीसी वर्ग को विभिन्न सौगातें दी जा रही हैं। उन्होंने मंच से एमबीसी वर्ग हेतु किये जा रहे कार्यों और देवनारायण बोर्ड के माध्यम से इस वर्ग के लोगों को दी जा रही सुविधाओं की विस्तृत जानकारी देकर इनका लाभ उठाने का आव्हान किया।

नयागांव उपखंड कार्यालय का सृजन किया

उदयपुर,(कासं)। राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार उदयपुर जिले की खेरवाडा उपखंड का पुनर्गठन करते हुए नयागांव उपखंड कार्यालय का सृजन किया गया है। जिला कलक्टर ताराचंद मीणा ने इस नवसृजित नवीन उपखण्ड कार्यालय नयागांव के विधिवत क्रियान्वयन के समस्त रिकॉर्ड हस्तान्तरण की अनुमति प्रदान की है।

इस अधिसूचना के तहत नवसृजित उपखंड कार्यालय नयागांव के क्षेत्राधिकार में भूअभिलेख निरीक्षक वृत छाणी, पाटिया, डेरी, पहाडा व कनबाई के 18 पटवार मंडल शामिल है, वही पुनर्गठित उपखंड कार्यालय खेरवाडा के क्षेत्राधिकार में भूअभिलेख निरीक्षक वृत खेरवाडा, जवास, बडला, बावलवाडा और कानपुर के 21 पटवार मंडल शामिल है।

बढ़ती सर्वाइकल कैंसर की दर चिंता का विषय : डॉ. सुषमा

उदयपुर,(कासं)। देश में कैंसर के मरीज बढ़ते जा रहे हैं इसका एक कारण जागरूकता का अभाव भी है। शहर में महिलाओं को कैंसर के प्रति सजग करने के लिए ब्रैस्ट एवं सर्वाइकल कैंसर बचाव एवं उपचार कार्यशाला आयोजित हुई।

खुशी क्लीनिक में कार्यशाला के उपरान्त नि:शुल्क परामर्श भी रखा गया जिसमें महिलाओं को स्त्री एवं प्रसूति रोग, कैंसर और नाक, कान, गला संबंधी रोगों के लिए उचित मार्गदर्शन विशेषज्ञ चिकित्सकों ने दिया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अल्का मूंदड़ा थी, यहां विभिन्न रोगों से संबंधी 50 से अधिक महिलाओं को नि:शुल्क परामर्श दिया गया।

- **कार्यशाला में विभिन्न रोगों से संबंधी 50 से अधिक महिलाओं को परामर्श दिया गया**

ब्रैस्ट एवं सर्वाइकल कैंसर पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित हुई।

विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. सुषमा मोगरी ने बताया कि भारत में ब्रैस्ट कैंसर महिलाओं में सर्वाधिक होने वाला कैंसर है लेकिन महिलाओं को इसके लक्षणों के बारे में जानकारी ही नहीं है इस कारण वे समय पर उपचार के लिए नहीं आ पाती हैं। सर्वाइकल कैंसर के बारे में उन्होंने कहा कि महिलाओं में स्तन कैंसर के बाद दूसरा सबसे ज्यादा होने वाला कैंसर है, इसके लक्षण अनियमित माहवारी, माहवारी में अत्यधिक रक्तस्त्राव, बदबूदार पानी, वजन कम होना आदि हैं। उदयपुर संभाग में सर्वाइकल कैंसर के मरीज ज्यादा हैं, समय पर इसकी स्क्रीनिंग की जाए तो इससे बचाव संभव है। सर्वाइकल कैंसर से बचने के लिए टीका भी उपलब्ध है जिसे नौ से पैंतालीस साल की आयु तक लगाया जा सकता है। नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ डॉ. नितिन शर्मा ने एनटी संबंधी समस्याओं कान पकना, परदे में छेद, कान की हड्डी की गलना, सुना देने में कमी तथा नाक बहना, छींक आना, नाक की हड्डी का टेढ़ापन, नाक से बदबू आना तथा गले में टोन्सिल्स, एडीनोइट्स, थायरॉइड, कैंसर की गांठ आदि समस्याओं पर परामर्श दिया।

झूठे बर्तन धोते बालश्रमिक को मुक्त करवाया

राजसमंद, (निसं)। पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी द्वारा बाल श्रम पर अंकुश को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर कुंभलगढ डीएसपी नरेश कुमार शर्मा के निर्देशन में थानाधिकारी चारभुजा भवानी शंकर, सहायक उप निरीक्षक जसवंतसिंह, कांस्टेबल गिरधारीराम, रामकरण, महिला कांस्टेबल सुमित्रा को शामिल कर कार्यवाही करते हुए एक होटल से झूठे बर्तन साफ करते एक बालश्रमिक को मुक्त कराया गया।

वहीं होटल मालिक के खिलाफ कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया गया। थानाधिकारी भवानी शंकर ने बताया कि अभियान के तहत टीम द्वारा माहेश्वरी सेवा सदन चारभुजा बाईपास पर होटल परिसर में एक बालक झूठे बर्तन साफ करते हुए पाया गया। जिस पर पुलिस द्वारा उसे डिटेल कर संरक्षण में लिया गया। वहीं होटल मालिक गणपत सिंह पुत्र गोमसिंह रावत निवासी रेलडा थाना सेंदडा जिला पाली को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बाल श्रमिक को राजसमंद बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया। उन्होंने बताया कि वहीं पुलिस द्वारा जांच की जा रही है जिसमें बालश्रमिक से मुक्त कराया जा रहा है।

बर्ड सेंच्युरी रिंग रोड के स्वागत द्वार का सभापति ने शिलान्यास किया

डूंगरपुर,(निसं)। सम्पूर्ण शहरी क्षेत्र के विकास को लेकर वर्तमान परिषद बोर्ड कटिबद्ध है जिसको लेकर शहरवासियों और शहर में आने वाले पर्यटकों को लेकर स्वच्छता के घटकों पर नित्य प्रतिदिन कार्य किया जा रहा है वही शहर के पर्यटक स्थलों को और सुन्दर बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

सोमवार को शहर के बर्ड सेंच्युरी रिंग रोड पर स्वागत द्वार का शिलान्यास नगरपरिषद सभापति अमृत कलासुआ ने किया। इस अवसर पर परिषद आयुक्त नरपतसिंह राजपुरोहित, उपसभापति सुदर्शन जैन, पार्षद सूर्यसिंह राठौड, बाबूलाल श्रीमाल, भानु सेवक, भावना कुवर, भूपेश शर्मा, जयेश लोधावरा, राजेश रोत, भरत जोशी, जीतेन्द्र भोई, राजीव चौबीसा सहित परिषद कार्मिक और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

- **स्वागत द्वार देगा पर्यावरण सरंक्षण का संदेश : अमृत कलासुआ**

बर्ड सेंच्युरी रिंग रोड के स्वागत द्वार का शिलान्यास सभापति कलासुआ ने किया। इस दौरान परिषद आयुक्त नरपतसिंह राजपुरोहित, उपसभापति सुदर्शन जैन, पार्षद सूर्यसिंह राठौड आदि मौजूद थे।

इस अवसर पर सभापति अमृत कलासुआ ने कहां कि 18 लाख की लागत से बनने वाला स्वागत द्वार जो अपनी भव्यता के लिए आमजन को बर्ड सेंच्युरी पार्क और रिंग रोड की और आकर्षित करेंगा साथ ही ये स्वागत द्वार आमजन को पर्यावरण सरंक्षण का सन्देश देंगा। क्योंकि इस स्वागत द्वार पर पृथ्वी का ग्लोब बनाकर उस पर विभिन्न पक्षियों के चित्र भी दर्शाये जायेंगे। सभापति ने बताया कि हमारे सभी पर्यटकों स्थलों का शहरवासी और शहर से बाहर आने वाले पर्यटक भरपूर आनंद ले रहे है, हमारे जिले के बाहर से पर्यटक अधिक से अधिक संख्या में आये उसके लिए परिषद निरंतर प्रयासरत है।

प्रारूप-10 (नियम-6(7) देखिए)

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद राजसमन्द

सं. 804 **लोक सूचना** दिनांक: 13.06.2022

श्रीमती लक्ष्मी देवी पत्नी श्री देवीलाल कुमावत निवासी मैन रोड़ मण्डावर भाणा द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

क्र. सं.	जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्र
1	राजसमन्द	कांकरोली	906/580	रकबा 0.0316 हैक्टेयर भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ।

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 13.06.2022 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगरपरिषद, राजसमन्द

RASHTRIYA CHEMICALS AND FERTILIZERS LIMITED
(A Government of India Undertaking)
Corp. Office : Priyadarshini, E.E. Highway, Sion, Mumbai 400 022.
CIN: L24110MH1978GOI020185
(Area Office Address : RCF Ltd, 40, Jadhon Nager 'B', Durgapura, Jaipur-PIN 302018)
Tel. No. 0141-2720334, 2554597, 2554979 mail ID rcfrajasthan@gmail.com

In pursuance to the order No. S.O. 2900(E) dated 24.10.2015 and its amendment dated 30.10.2017 issued by Department of Agriculture, Co-Operation and farmer's welfare, Ministry of Agriculture and Farmers Welfare GOI. RCF Ltd here by notifies that RCF Ltd intends to sell 100% water soluble mixture of fertilizer as per specification given. NPK 19:19:19, Moisture Percent by weight, max-0.5%,N(T) min-19%, (NO3-N max-4%, NH4-N min-4.5%, Urea N max-10.5%), WP P2O5 min-19%, WS K2O min-19%, Na as NACL max-0.5%, Insoluble matter in H2O max - 0.5%, Lead, Cadmium & Arsenic max-Not traceable.

Supply and sales of above Sujala WSF19:19:19 grade will be done after 30 days of intimation.

State Incharge (Rajasthan)

Let us grow together

GOVIND GURU TRIBAL UNIVERSITY
University College of Engineering, Banswara
BANSWARA 327001 (RAJ.)

SKILL DEVELOPMENT PROGRAMME STARTS FROM 22nd June, 2022

S. No.	Course Name	Course Duration	Qualification	Registration Fee
1.	Robotics	5 Weeks	9th to 12th Class	Rs. 2000
2.	Basics of A.I.	8 Weeks	Graduation	Rs. 5000
3.	Web Development	8 Weeks	Graduation	Rs. 5000
4.	Digital Marketing	8 Weeks	Graduation	Rs. 5000
5.	Android App Development	12 Weeks	Graduation	Rs. 5000

Venue : University College of Engineering, Banswara
Time : 04:00 PM - 06:00 PM
Limited seats 40 students per course
For more details please contact :
94147 95029, 94147 95429
www.ggtu.ac.in,
www.gecbanswara.ac.in
Registration Link
https://forms.gle/gu1MePFsK1FNK9Nt6
PRINCIPAL